अमर उजाला 04/12/2025

# विद्यार्थियों को बताए कॉरिअर के विकल्प

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के शिक्षकों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बीसी बाजार में क्षमता निर्माण एवं 12वीं के बाद कॅरिअर विकल्प विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्‌देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, बदलते करियर परिदृश्य और व्यावसायिक जगत में उपलब्ध नए अवसरों के प्रति जागरूक करवाना और उनमें आत्मविश्वास एवं निर्णय क्षमता का विकास करवाना रहा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि वर्तमान समय में ज्ञान, कौशल और सही मार्गदर्शन ही विद्यार्थियों को सफलता की सही दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में सह-प्राध्यापक डॉ. कमलेश कुमारी, सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्योति सौरोत और मेहक तलवार की ओर से संचालित किया गया। संवाद